# मोतीडूंगरी गणेशजी के दर्शनों के लिए बारिश में भी उमड़े हजारों श्रद्धालु

## गणेश चतुर्थी पर मंदिर में दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता, आज निकलेगी शोभायात्रा



गणेश चतुर्थी पर प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और दर्शनों के लिए मोतीडूंगरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

**जयपुर**। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में शुकव्रार देर रात से ही श्रद्धालु कतारों में लग गए। जयपुर ग्रामीण के श्रद्धालु पदयात्रा के रूप में ध्वज लेकर मंदिर पहुंचे। सुबह चार बजे मंगला आरती में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसके बाद दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती गई।

दोपहर से पूर्व तक श्रद्धालुओं के छोर जेडीए सर्किल, रिजर्व बैंक और उधर त्रिमूर्ति सर्किल तक पहुंच गया। महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में सुबह विशेष पूजन के बाद श्रृंगार आरती की गई। भोग आरती दोपहर 2.15 बजे हुई।

- **मोती, सोना, पन्ना, माणक सहित अन्य रत्नों से जड़ा भगवान गणेश का नौलखा हार रहा आकर्षण का केन्द्र**

प्रथम पूज्य ने स्वर्ण मुकुट धारण कर चांदी के आसन पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। मोती, सोना, पन्ना, माणक सहित अन्य रत्नों का नौलखा हार आकर्षण का केन्द्र रहा। श्रद्धालुओं ने जयकारों से मंदिर को गणेश जी महाराज की जय के जयकारों से गूंजायमान कर दिया। पुलिस और स्वयंसेवकों ने दर्शन करवाने की व्यवस्थाएं संभाली। दिव्यांग जनों को व्हील चैयर पर बैठाकर दर्शन कराए गए। दर्शनार्थियों का तांता देर रात तक लगा रहा। गणेश चतुर्थी पर दर्शन करने श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं ने सेवाएं दीं। कतार में लगे दर्शनार्थियों को पानी और शर्बत पिलाया। दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं को आइसक्रीम खिलाई। गणेश मित्र मंडल के शोभित खंडेलवाल, मनीष भारद्वाज, अंकित साहू, गोवर्धन सुथार, जतिन टुंडवाल, अनिकेत मिड्ढा, आर्यन गौतम, गगन शर्मा, आदित्य शर्मा, मनन पुरोहित, यशराज सिंह राठौड़, अक्षत खंडेलवाल एवं अन्य ने सेवा कार्य किया। करीब 750 लीटर शरबत और 151 बॉक्स आइसक्रीम वितरित की गई। आठ सितंबर को भगवान श्री गणेश शहर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दौरान मोती डूंगरी गणेश मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शाम को मोती डूंगरी मंदिर से रवाना होकर एमडी रोड, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार, नाहरगढ़ रोड होते हुए गढ़ गणेश मंदिर तक पहुंचेगी।

## मुंबई की तर्ज पर छोटीकाशी में रही गणेशोत्सव की धूम

**जयपुर**। राजधानी में कई स्थानों पर मुंबई की तर्ज पर गणेशोत्सव के पांडालों में गणपति की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा-अर्चना शुरू की गई। पांच से लेकर ग्यारह फीट ऊंची मूर्तियों की स्थापना कर महाआरती की गई। ज्यादातर पांडालों में राजा स्वरूप में गणेशजी विराजे हैं।

सभी पंडालों में गाजे बाजे के साथ मूर्ति लाकर गणेशजी को विराजित किया गया। दस दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बनीपार्क के माधव विलास में शनिवार को गणपति जी की स्थापना की गई। माधो सिंह सर्किल स्थित शिव मंदिर से गणेशजी की प्रतिमा को गाजेबाजे के साथ लाया गया। सभी श्रद्धालु गणेशजी महाराज के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। माधव विलास में विद्वानों ने वेद मंत्रोच्चार के साथ गणपति की प्राण प्रतिष्ठा की। संतों-महंतों के सान्निध्य में उषा मालपानी, बसंत मालपानी सहित अन्य ने गणेशजी की महाआरती की। श्री

- **राजा के रूप में पूजा पांडालों में विराजे गणपति**

गणपति विसर्जन 13 सितंबर को शाम सवा चार बजे विद्याधरनगर सेक्टर पांच स्थित शिव मंदिर में किया जाएगा। वहीं चित्रकूट गणेश उत्सव मंडल की ओर से चित्रकूट सेक्टर-09 में शनिवार को चतुर्दशम सार्वजनिक गणेशोत्सव समारोह शुरू हुआ। गाजेबाजे के साथ गणेश प्रतिमा को लाकर पांडाल में विराजमान किया गया। श्रृंगार और आरती के बाद भजनों से रिझाया। अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक अखिलेश सक्सेना ने बताया कि श्री गणेश उत्सव में रोजाना नए-नए कार्यक्रम होंगे। इसमें गणपति की शोभायात्रा, बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता, भजन संध्या, भजन प्रतियोगिता, फेन्सी ड्रेस, नृत्य प्रतियोगिता, छप्पन भोग, हवन एवं भोजन प्रसादी प्रमुख है।

## हर देवालय में गूंजा "गणपति बप्पा मोरिया.."

**जयपुर**। गणेश चतुर्थी का उत्सव छोटीकाशी स्थित हर गणेश मंदिर में मनाया गया। सुबह गणपति का पंचामृत अभिषेक कर फूलों से मनोरम श्रृंगार किया गया। गुड़धानी और मोदकों का भोग लगाकर डंके अर्पित किए गए। इसी कडी में ठिकाना मंदिर श्री गोविंद के मातहत आमेर रोड कनक घाटी स्थित मंदिर श्री गणेश जी महाराज में गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में सुबह गणेशजी महाराज का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई गई। फूल माला श्रृंगार किया गया। विभिन्न तरह के मोदकों, पांच प्रकार फलों और गुड़ का भोग लगाया गया। पूरे मंदिर को बंदरवाल से सजाकर विशेष रोशनी की गई। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि मंदिर में सुबह पांच से रात्रि नौ बजे तक दर्शनार्थियों का तांता लाग रहा। इस मौके पर मंदिर को फूलों और रोशनी से सजाया गया।

## श्रद्धालु 365 सीढियां चढ़कर पहुंचे गढ़ गणेश

**जयपुर**। जयपुर स्थापना से पूर्व रक्षपाल के रूप में नाहरगढ़ की पहाड़ी स्थित गढ़ गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी को श्रद्धालु उमड़ पड़े। पट खुलने से पूर्व ही श्रद्धालु कतारों में लग गए। श्रद्धालु 365 सीढ़ियां चढक़र मंदिर पहुंचे और पुरुषाकृति के बाल स्वरूप गणपति के दर्शन किए।

महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में सुबह 4 बजे गणपति का पंचामृत अभिषेक किया गया। गणपति के बाल स्वरूप में होने के कारण कपड़े की पोशाक धारण करवाकर केवल कोमल पुष्पों और पल्लवों से श्रृंगार किया गया। सुबह पांच बजे मंगला आरती के साथ सहस्त्र दुर्वाचन और सहस्त्र मोदक अर्पित किए गए। सहस्त्रनामावली से हवन में आहुतियां प्रदान की गई। रात्रि 12 बजे शयन आरती हुई। तीन दिवसीय श्री महागणपति महोत्सव में रविवार को ऋषि पंचमी का

- **पुरुषाकृति बाल स्वरूप गणपति के किए दर्शन**

परंपरागत मेला भरेगा। अभिषेक के बाद नवीन वस्त्र धारण कराए जाएंगे। सुबह 5 बजे मंगला आरती होगी। दोपहर 12 बजे भोग आरती और रात्रि 12 बजे शयन आरती होगी। गढ़ गणेश से संबद्ध बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश गणेश मंदिर में जन्मोत्सव पर सुबह पांच बजे गणपति का अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराकर नवीन वस्त्र धारण कराए गए। चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में महंत राहुल शर्मा के सान्निध्य में गणेश जन्मोत्सव मनाया गया। युवाचार्य प.अमित शर्मा ने बताया गणेश जी महाराज का पंचामृत, केसर जल, केवड़ा जल, गुलाब जल से अभिषेक किया गया।

# मेडिकल कॉलेज व अन्य संस्थानों का काम मिशन मोड में पूरा करें'

**जयपुर**। चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के उन्नयन की दृष्टि से नवीन मेडिकल कॉलेजों, सम्बद्ध अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेजों एवं अन्य संस्थानों के काम को मिशन मोड में पूरा किया जाए और निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि नए मेडिकल कॉलेजों में शैक्षिणक सत्र शुरू करने के लिए आवश्यक मापदण्ड पूरा किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि युवाओं को चिकित्सा के क्षेत्र में अध्ययन के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें।

राठौड़ शनिवार को चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प के अनुसार प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा का विस्तार, अनुसंधान एवं गुणवत्ता सुधार के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ काम किया जाए। चिकित्सा शिक्षा से जुड़ी केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य द्वारा संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में गुणवत्ता सुधार से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। इसे देखते हुए चिकित्सा

- **चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने निर्देश दिए**

शिक्षा में रिसर्च को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में जांच, दवा एवं उपचार की समुचित व्यवस्थाओं के साथ ही चिकित्सकों की भी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

राठौड़ ने जोधपुर में स्थापित की जा रही मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी, सवाई मानसिंह अस्पताल में निर्माणाधीन आयुष्मान टॉवर एवं आरयूएचएस अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के विस्तार के काम को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों का काम जल्द पूरा होने से लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी और मेडिकल ट्ययूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रमुख शासन सचिव ने चिकित्सा शिक्षा से संबंधित समस्त बजट घोषणाओं को टाइमलाइन के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान सम्मिट के लिए निवेश के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्धता से प्रयास सुनिश्चित करें। इसके लिए नीतिगत निर्णयों एवं अन्य गतिविधियों पर शीघ्र कार्यवाही की जाए।

राठौड़ ने मेडिकल कॉलेजों एवं सम्बद्ध अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। चिकित्सा संस्थानों में इमरजेंसी एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड मौजूद रहें। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाए। चिकित्सा संस्थानों में नियंत्रण अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया जाए। सीसीटीवी फुटेज व्र सीसीटीवी स्क्रीन की मॉनिटरिंग हो।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने विभागीय की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन संजू शर्मा, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन रेणु खंडेलवाल, वित्त सलाहकार मनोज जैन, अतिरिक्त निदेशक एकेडमिक डॉ. रश्मि गुप्ता, उप निदेशक खेमाराम यादव, उपनिदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. वंदना शर्मा उपस्थित थे।

## सी.जी.एच.एस. कर्मी और निजी अस्पताल के प्रतिनिधि के विरुद्ध मामला दर्ज

**जयपुर (कासं)**। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को भ्रष्टाचार के आरोप पर सीजीएचएस जयपुर के कर्मी एवं एक निजी अस्पताल के प्रतिनिधि के विरुद्ध मामला दर्ज कर तलाशी अभियान चलाया है। जानकारी के अनुसार सीबीआई ने अपर निदेशक सीजीएचएस जयपुर से प्राप्त शिकायत के आधार पर एलडीसी,सीजीएचएस, जयपुर एवं अजमेर स्थित निजी अस्पताल के एक प्रतिनिधि तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया।

यह आरोप है कि आरोपित एलडीसी ने अपर निदेशक सीजीएचएस जयपुर के कार्यालय में कार्य करने के दौरान अन्य आरोपितों व्यक्तियों के साथ षड़यंत्र रचकर निजी अस्पतालों जो सीजीएचएस के साथ सूचीबद्ध होने के इच्छुक थे से अवैध रिश्वत प्राप्त करने के लिए अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया। जिस पर जयपुर एवं अजमेर में आरोपितों के तीन स्थानों,परिसरों की तलाशी ली गई।जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

## सार-समाचार

### आयुष पेरीवाल को येल एजुकेटर अवार्ड



**जयपुर**। जयश्री पेरीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आयुष पेरीवाल को येल ऑफिस ऑफ अंडरग्रेजुएट एडमिशन द्वारा प्रतिष्ठित 2024 येल एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। येल एजुकेटर रिकॉग्निशन प्रोग्राम विश्व भर के उन उत्कृष्ट एजुकेटर्स को सम्मानित करता है, जो अपने स्टूडेंट्स को अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सहयोग और प्रेरणा देते हैं। 39 राज्यों और 24 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 320 नामांकितों में से, इस वर्ष के पुरस्कार के लिए केवल 75 टीचर्स और 20 काउंसलर्स का चयन किया गया। नामांकन येल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों द्वारा किया गया था, तथा प्रवेश अधिकारियों की एक समिति ने प्रत्येक आवेदन की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की।

### गर्भवती महिलाओं को बांटे पोषण किट



**जयपुर**। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन ने प्रताप नगर में गर्भवती महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें मुख्य वक्ता समाज सेविका वीना गोयल ने गर्भवती, धात्री महिलाओं व किशोरियों को संतुलित पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया तथा संतुलित पोषण युक्त भोजन के बारे में अवगत कराया साथ ही साथ हरी व पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित दालें, लौह युक्त खाद्य सामग्री आदि खाने की सलाह दी। फाउंडेशन की अध्यक्षा दुर्गा वर्मा ने बताया कि बच्चों को अधिक से अधिक स्तनपान करवाना चाहिए, जिससे बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से हष्ट-पुष्ट रहेंगे। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, जयपुर में आचार्य व वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक तथा ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि 21 गर्भवती महिलाओं को 11-11 किलों के पोषण किट-दलिया, सूजी, चीनी, गुड, दाल, घी, बिस्किट्स, तेल आदि वितरित किये। इस अवसर पर दिव्या गोयल, संगीता सक्सेना, कौशल सत्यार्थी, अंजू वर्मा, पारुल जैन, एश्वर्या सारस्वत, सीमा शर्मा, गीतांजली शर्मा, मिथलेश आदि मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**जयपुर**। झोटवाड़ा थाना इलाके में एक युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। यहीं नहीं आरोपी ने महिला की नाबालिग बेटी के साथ भी छेड़छाड़ की। पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर आरोपी फारुख के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की हैं। पीड़िता का आरोप है आरोपी फारुख ने उसे शादी करने का झांसा दिया और गलत काम किया। पीड़िता ने जब आरोपी से शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने मना कर दिया। वहीं आरोपी ने इसी दौरान उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की। जिस से परेशान होकर पीड़िता ने झोटवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि संजय नगर निवासी महिला ने शिकायत दर्ज कराई की फरवरी 2024 से आरोपी उस के सम्पर्क में हैं। आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया। आरोपी ने इस का एक वीडियो भी बना रखा हैं। पीड़िता ने कई बार आरोपी से शादी करने का दबाव बनाया जिस पर आरोपी ने उसे धमकाया कि अगर ज्यादा परेशान किया तो वह उसका वीडियो वायरल कर देगा। आरोपी ने महिला की नाबालिग बच्ची के साथ भी छेड़छाड़ की हैं। पीड़िता जब घर पहुंची तो बच्ची ने उसे आपबीती बताई जिस पर पीड़िता ने झोटवाड़ा थाने पहुंच कर शिकायत दी। पीड़िता का मेडिकल करवा दिया गया हैं। महिला के 164 के बयान दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तारी की जाएगी।

### छात्रा से ढाई लाख रु.व जेवरात हड़पे

**जयपुर**। प्रेम जाल में फंसा कर शादी का झांसा देकर एक युवक ने एक छात्रा से ढाई लाख रुपए और सोने चांदी के जेवरात हड़प लिए। घटना के सम्बंध में पीडिता ने सोडाला थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सोडाला निवासी 19 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि उसने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की है। उसकी जान पहचान 10 वीं में पढ़ने वाले कबीर के बड़े भाई अल्तमश कुरैशी से हुई। वह रोजाना कबीर को छोड़ने और लेने स्कूल आते थे। आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर उससे कई बार में ढाई लाख रुपए ले लिए। रुपए खत्म होने पर आरोपी ने उसे घर से जेवरात लाने को कहा। इस पर उसने घर से दो सोने के कड़े, सोने का हार, दो सोने की चेन, चांदी की पायजेब, कान की बालियां और 20 और पचास के नोट की फ्रेश गड्डियां ले ली। इसके बाद भी आरोपी उसे लगातार परेशान कर रहा है। इससे परेशान होकर पीडिता ने पुलिस की शरण ली। वहीं सऊदी अरब में कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से दो लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीडित ने घटना के सम्बंध में सुभाष चौक थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार रावल जी का बाग निवासी अब्दुल आरिफ मंसूरी ने मामला दर्ज करवाया कि सऊदी अरब की कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर खालिद हुसैन और आबिद अली ने उससे कई बार में दो लाख रुपए ले लिए।

## घर से जेवरात-नकदी लेकर भागी दुल्हन

**जयपुर**। मालपुरा थाना इलाके में शादी के एक साल बाद लुटेरी दुल्हन घर से जेवरात व नकदी लेकर भाग निकली। भागने के बाद लुटेरी दुल्हन ने परिवार जनों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर ससुराल वालों ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार कृषि नगर टोल टैक्स निवासी प्रहलादी उर्फ पिल्ली देवी ने मामला दर्ज करवाया कि उसके बेटे की शादी साल 2020 में सुमन उर्फ मंजू देवी से हुई थी। शादी के एक साल बाद फरवरी 2021 में वह घर से सोने चांदी के जेवरात व नकदी लेकर भाग निकली।

अब सुमन उर्फ मंजू देवी, संतोष देवी, कानजी उर्फ कन्हैया लाल उसके परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई लालचंद कर रहे है। वहीं झोटवाड़ा थाना इलाके में शादी के कुछ महिने बाद ही दुल्हन घर से जेवरात व नकदी लेकर भाग गई।

पुलिस के अनुसार न्यू कॉलोनी पंचायत समिति के सामने निवासी विरेंद्र शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसने किरण शर्मा से शादी की थी। शादी के कुछ दिन बाद किरण शर्मा घर से जेवरात व नकदी लेकर भाग निकली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आम रास्ते पर बनीं इमारत का अवैध हिस्सा ध्वस्त होने तक वादग्रस्त संपत्ति जब्त करने के आदेश

## बनीपार्क स्थित शिव मार्ग पर 508 वर्गगज जमीन पर वर्ष 2005 में कोर्ट स्टे के बावजूद कमर्शियल बिल्डिंग बनाने का मामला

**जयपुर (कासं)**। सिविल न्यायालय के 19 साल पहले स्थगन आदेशों की अवहेलना करने के मामले में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम 3 जयपुर महानगर प्रथम (एडीजे) राकेश गोरा ने 2 याचिकाओं में प्रमिला गुप्ता, तनवीर और फिरोज खान को दोषी माना है। अदालत ने वादग्रस्त संपत्ति को जब्त करने और 3 लाख रु. का हर्जाना देने के आदेश भी दिए हैं। अगर अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ हर्जाना राशि अदा नहीं की गई तीनों लोगों को 3-3 माह के लिए जेल जाना पड़ेगा। दोषसिद्ध के खिलाफ इन तीनों लोगों की अपील राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस उमाशंकर व्यास ने भी खारिज

- **अदालत ने कहा कि परिवादी को तीनों अप्राथी 1-1 लाख रु. का मुआवजा राशि दें, अन्यथा 3 माह के लिए जेल जाएं**

कर दी थी। एडवोकेट रामबाबू, श्यामबाबू, उमेश पुरोहित और दिनेश पारीक ने यह मुकदमा पेश किया था। एडवोकेट रामजीलाल गुप्ता ने वादी की ओर से पैरवी की।

जानकारी के मुताबिक बनीपार्क इलाके में जयपुर कलेक्ट्री स्थित शिव मार्ग पर 508 वर्गगज जमीन पर बहुमंजिला कमर्शियल का निर्माण किया गया था। जबकि अदालत ने कहा कि वर्ष 2005 में विवादित संपत्ति के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए गए थे। कोर्ट स्टे की जानकारी होने के बावजूद यह संपत्ति खरीदकर इस भूमि पर बहुमंजिला अवैध व्यावसायिक निर्माण किया गया।

अदालत ने कहा कि आम रास्ते की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया, जब तक यह निर्माण नहीं हटाया जाता, तब तक संपत्ति जब्त कर ली जाए। साथ ही प्रार्थी को 1-1 लाख रु. का हर्जाना भी दिया गया। अदालती आदेश की अवमानना पर एडीजे राकेश गोरा ने यह आदेश सुनाया।

# खेतों में सोलर पावर प्लांट्स से बिजली पैदा कर रहे किसान



डिस्कॉम्स चेयरमैन प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने झोटवाड़ा क्षेत्र स्थित श्योसिंहपुरा गांव में पावर प्लांट्स का अवलोकन किया।

**जयपुर**। चेयरमैन डिस्कॉम्स तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने शनिवार को झोटवाड़ा पंचायत समिति के श्योसिंहपुरा गांव में पीएम कुसुम कंपोनेंट सी योजना के तहत स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र तथा इससे जुड़े 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन का अवलोकन किया। डोगरा ने इस दौरान कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इसके माध्यम से कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली प्रदान की जा सकेगी। उत्पादित बिजली का स्थानीय स्तर पर उपयोग होने से विद्युत की छीजत में भी कमी आएगी।

डोगरा ने यहां सोलर पावर जनरेटर ओरियंटल सेल्स कॉर्पोरेशन द्वारा करीब 8 बीघा भूमि पर स्थापित 2.30 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र को देखा। इस जनरेटर की ऑनर श्रीमती नीलू गुप्ता एवम उनके परिजनों ने बताया कि कुसुम योजना का लाभ उठाकर वे आज बिजली उत्पादक बन गए हैं और ग्रिड के माध्यम से बिजली निगम को बिजली बेचकर लाभ भी कमा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र को स्थापित करने में उन्हें बैंक से आसानी से ऋण मिल गया और सरकार से लागत का 30 प्रतिशत अनुदान का लाभ भी मिलेगा। इस संयंत्र के माध्यम से इसी साल मई माह में उन्होंने औसतन 5750 यूनिट प्रति दिन तथा पीक टाइम में 30 अप्रेल को 7137 यूनिट बिजली उत्पन्न की। आने वाले समय में टोंक तथा सीकर में भी अनुपजाऊ जमीन पर और सोलर प्लांट लगाने की उनकी योजना है।

इस दौरान अति.मुख्य अभियंता आर.के.शर्मा, अधीक्षण अभियंता जेपीडीसी साउथ एनपी सिंह, अधीक्षण अभियंता (आर.ई.) दीप्ति माथुर समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## कार का शीशा तोड़कर 5 लाख रु. से भरा बैग चोरी

**जयपुर**। विश्वकर्मा थाना इलाके में बदमाश कार का शीशा तोड़कर पांच लाख रुपए से भरा बैग ले गया। पीडित ने दुकान का दिनभर का कलेक्शन बैग में रखा था। ओनर को जाते देखकर आए बदमाश ने कार का शीशा तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि आर्य नगर मुरलीपुरा निवासी सौरभ गोयल (38) ने मामला दर्ज करवाया कि रोड नंबर-14 सीकर रोड पर उनकी शॉप है। रात करीब 9रू30 बजे दुकान बंद कर उन्होंने बैग अपनी कार में रखकर लॉक कर दिया। दुकान बंद कर पास ही गली में किसी काम से चले गए। पीछे से आए बदमाश ने कार का कंडक्टर साइड का शीशा तोड़ा। कार की सीट पर रखा बैग शीशा तोड़कर चोरी कर ले गया। करीब 10-15 मिनट बाद वापस लौटने पर कार का शीशा टूटा मिलने के साथ सीट पर रखा बैग गायब मिला। चोरी का पता चलने पर पीड़ित सौरभ गोयल ने विश्वकर्मा थाना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित सौरभ ने पुलिस को बताया कि चोरी गए बैग में लेपटॉप व करीब 5 लाख रुपए रखे थे।

## विवाहित व रिलेशनशिप वाले युगलों की सुरक्षा नीति तैयार

**जयपुर**। विवाहित जोड़ों और क्लोज रिलेशनशिप में रह रहे युगलों की सुरक्षा के लिए राज्य में एक मानक संचालक प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित की गई है। पुलिस मुख्यालय से इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी भूपेंद्र साहू द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।

एडीजी साहू ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा 2 अगस्त 2024 को दिए गए आदेश की पालना में यह एसओपी निर्धारित की गई है। इसके अनुसार राज्य के विवाहित जोड़े एवं क्लोज रिलेशनशिप में रह रहे युगल स्वयं, किसी प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के जरिए प्रार्थना पत्र कर सकते है। यदि उन्हें किसी से भी खतरा हो तो वे इस संबंध में नामित नोडल अधिकारी को सुरक्षा के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत करेंगे।

ऐसे युगल सुगम रिपोर्टिंग के लिए डायल 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, राज्य स्तरीय व्हाट्सएप हेल्पलाइन 8764871150, जिला स्तरीय व्हाट्सएप हेल्पलाइन एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष के नम्बर, जिला स्तर पर संचालित नियंत्रण कक्ष की ईमेल आईडी पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जल्द ही एससीआरबी द्वारा पुलिस वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध करवाया जा रहा है। उस लिंक के माध्यम से आवेदक थाने पर व्यक्तिगत उपस्थित हुए बिना अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इन माध्यमों से प्राप्त शिकायत को प्रभारी अधिकारी अविलंब नोडल अधिकारी, संबंधित वृत्त अधिकारी एवं थानाधिकारी को प्रेषित करेंगे। नोडल अधिकारी शिकायत पर तुरंत पीड़ित युगल को अंतरिम राहत प्रदान करेंगे। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आवेदक के बयानों की ऑडियो व वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। यदि उन्हें किसी प्रकार का खतरा है तो पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। यदि सुरक्षा उपलब्ध कराने के पर्याप्त आधार नहीं है तो स्पष्ट कारण बताएंगे। संबंधित चाहे तो उनके परिजनों को बुलाकर आपसी समझाईश का प्रयास करेंगे। यदि युगल के परिजनों को किसी अन्य व्यक्ति या समूह द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत प्राप्त हो तो तत्काल उनकी सुरक्षा एवं विधिक कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करेंगे।